मासिक पत्रिका नवाँ अंक



Nagar Palika Parishad Rampur

CLEAN RAMPUR

EDUCATED RAMPUR

GREEN RAMPUR

**प्रकाशक :–**

- सन्तोष कुमार मिश्र

**सम्पादक मण्डल:–**

- मोहम्मद सईद
- मोद नारायण झा
- इरशाद हुसैन
- सिब्तेनबी खां
- मन्जूर अली नकवी
- अज़ीमुश्शान

# e पत्रिका

**माह Nov. 2016**

# नगर पालिका परिषद, रामपुर

# उत्तर प्रदेश







# अधिशासी अधिकारी की कलम से

## विषय वस्तु

01– जलकल अनुभाग

02– निर्माण विभाग

03– स्वास्थ्य अनुभाग

04– कर एवं सम्पत्ति अनुभाग

05– ई–गर्वेनैस

06– फोटो गैलरी



*रामपुर शहर वर्तमान में चहुमुखी विकास कर रहा है। पुरे शहर की विधुत व्यवस्था को भूमिगत कर दिया गया है। नई सड़कें बन गई हैं एव़ पुरानी सड़कों का जीर्णोद्धार हो चुका है या किया जा रहा है। सीवर लाईन का विस्तार एवं समस्त शहर वासियों को पर्याप्त जल की व्यवस्था आदि महत्वपूर्ण कार्य विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है। एक प्रकार से कहा जा सकता है कि शहर का कायाकल्प हो रहा है। इस परिवर्तन में नगर पालिका परिषद रामपुर एवं शहरी विकास मंत्री माननीय आज़म खाँ साहब के दूरदर्शी विचारों का बड़ा योगदान है।*

e–पत्रिका एक माध्यम है आपसे जुडने का, नगर पालिका के किये गये कार्यों को आप तक पहुँचाने का और आपके विचारों को जानने का ताकि आपकी समस्याओं और विचारों से रूबरू हों शहर की आवश्यकता के अनुकूल सेवाएं प्रदान कर सकें।

हम आपसे अपेक्षा रखते है कि आप अपने सुझाव हमें दूरभाष, e-mail अथवा पत्र के माध्यम से आवष्य भेजेगें। स्वच्छता से सम्बन्धित अपनी शिकायतें आप http://swachh.city पर भेज सकतें है।







- **जलकल विभाग :–** नगर पालिका परिषद रामपुर के जलकल विभाग द्वारा पेयजल की व्यवस्था को बनाये रखते हुये माह नवम्बर, 2016 में 118 लीकेज मरम्मत किये गये, 84 इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प–2 की मरम्मत का कार्य कराया गया है, 35 नलकूपों का संचालन आउट सोर्सिंग के माध्यम से एवं 04 नलकूपों का संचालन विभागीय कर्मचारियों से कराया गया। उक्त के अतिरिक्त 04 नग सीवर शम्पवैलों का संचालन ठेके प्रथा से एवं 05 सीवर योजनाओं का मेन्टीनैन्स कार्य आउट सोर्सिंग से कराया गया है। प्रायः आवश्यकता पड़ने पर बहुत से सार्वजनिक प्रोग्रामों में, अथवा सामाजिक–धार्मिक पर्वो के आयोजन में टैंकर के माध्यम से जनता को पेयजल उपलब्ध कराया गया है। क्लोरिनेशन हेतु टीम गठित कर सभी नलकूपों पर क्लोरीन उपलब्ध करायी जा रही है किसी भी नलकूप से कोई खराबी अथवा फाल्ट की शिकायत प्राप्त होने पर उसे तत्परता से तत्काल ठीक कराया गया। सूक्ष्म प्रकृति के किसी फाल्ट को सही करने हेतु 02 विभागीय इलेक्ट्रीशियन कार्यरत हैं जो तत्काल शिकायत का निस्तारण करते हैं। 06 कर्मियों की टीम आउट सोर्सिंग से कार्यरत है किसी भी मोटर पम्प के खराब होने पर उसे बोर से निकालकर उसमें दूसरे मोटर पम्प लोरिंग कर 24 घण्टे के अन्दर नलकूप चालू कर दिया जाता है। नगर पालिका द्वारा जल वितरण सेवा को सुदृढ बनाने के लिये समस्त शहरवासियों से अपील की जाती है कि वह अपने जल कनेक्शन का पंजीकरण अवश्य करायें। वर्ष 2015–2016 की अमृत योजना में स्वीकृत जल विस्तार परियोजना का कार्य जल निगम द्वारा शीघ्र ही प्रारम्भ किया जा रहा है।








- **निर्माण विभाग :–**नगर पालिका परिषद रामपुर के द्वारा महत्वपूर्ण निर्माण कार्य सम्पादित कर जनता को सुविधा उप्लब्ध करायी जा रही है माह नवम्बर 2016 में वार्ड सं0 02 में अंगूरी के मकान से सुखपाल के मकान तक तथा संलग्न गली ताराचन्द्र सैनी को मकान तक कुलदीप के मकान तक टाईल्स सड़क निर्माण। वार्ड सं0 02 में ऐवरन सिंह के मकान से गौरी शंकर पब्लिक सकूल तक नाली/सी0 सी0 इण्टरलाकिंग टाईल्स का निर्माण।वार्ड सं0 07 मौहल्ला रोशन बाग़ में सलीम अहमद की दुकान से रतनपाल सिंह के मकान तक नाली सड़क निर्माण। निर्माण इण्टरलाकिंग टाईल्स गली प्रमोद रिख एडवोकेट के घर से सतीश कुमार सक्सैना के घर तक कैलाश क्लीनिक के सामने फ्रैण्डस कालोनी सिविल लाइन्स। वार्ड सं0 12 में मौ0 मज़ार अल्लाह हू दादा के पास मस्जिद बिलाल के सामने सी0 सी0 इण्टरलाकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स रोड साजिद अली खाँ के मुन्नन अली व रूबी खान के घर तक जौहर कोलोनी टेलीफोन एक्सचैंज के पीछे। किला कैम्प गुरूद्वारा में सड़क ण्वं नाली निर्माण। ज्वाला नगर वार्ड सं0 02 प्रतिभा बाल विधालय से सेन्ट कबीर अकाडमी तक नाला निर्माण कार्य। घेर दरिया खाँ नगर पालिका के पीछे से मस्जिद तक आर0 सी0 सी0 नाले का निर्माण कार्य। वार्ड सं0 5 में मौ0 अली जौहर रोड (मुर्तज़ा स्कूल के सामने) से अब्दुल माजिद के मकान तक नाली/ सड़क का निर्माण।








- **नगर स्वास्थ्य विभाग** :– नगर स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद, रामपुर द्वारा माह नवम्बर, 2016 में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया इसके अतिरिक्त नागरिको को मच्छरो से होने वाली भयंकर बीमारियों से बचाव हेतु रोस्टर बनाकर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में पूरे माह फौगिंग करायी गई। शासनादेश सं0–पी0एम0यू0/342/415/एस0बी0एम0/ आई.सी.आई. दिनांक 11 नवम्बर, 2016 में दिये गये निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में दो बार ट्रिगरिंग करायी गयी तथा नगर क्षेत्र की मलीन बस्तियो में सफाई अभियान भी चलाया गया।

- "स्वच्छ भारत मिशन" कार्यक्रम के अर्न्तगत घरेलू स्वच्छ शौचालय बनवाने हेतु ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों में से 74 आवेदनों का भौतिक सत्यान कराने के उपरान्त लाभार्थियों के खातों में 50 प्रतिशत (रू0 4000 प्रति) धनराशि हस्तान्तरित की गयी है।

- इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के समस्त घरों से प्रतिदिन प्रातः व सायं के समय कूड़ा उठवाकर पालिका के ट्रंचिग ग्राउण्ड पर डाला जाता है और डलाव घरों पर मैलाथियान डस्ट (कीट नाशक) का छिड़काव भी कराया जाता है।

- नगर के समस्त वार्डो में विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार विभिन्न साईज़ों के डस्ट बिन्स रखवाये गये है। वर्तमान में नागरिको द्वारा कूड़ा सड़कों पर न डालकर डस्टबिन में डाला जाता है तथा कूड़े को वाहनो द्वारा प्रतिदिन उठवाकर पालिका के ट्रंचिग ग्राउण्ड पर खाली करा दिया जाता है।

- मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, रामपुर द्वारा समय समय पर नगर के समस्त वार्डो का औचक निरीक्षण किया गया। नगर की सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी महोदय एवं समस्त कर्मचारीगण सदैव प्रयासरत रहते है।







***<u>कर विभागः–</u>*** *कर विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप कर वसूली का कार्य किया जा रहा है। माह नवम्बर 2016 में पूर्व वर्ष 2015 में वसूल किये गये रू0 4876427.00 के सापेक्ष कुल रू0 6854521.00 कर वसुल किया गया है और 90 प्रतिशत बिलिंग व कर वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये कार्य योजना विभाग द्वारा बनाई जा रही है।*

E-governance :- *नगर पालिका परिषद द्वारा जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र ऑन लाईन जारी किया जा रहा है एंव जन शिकायतो का निस्तारण आई0 जी0 आर0एस0 के माध्यम से ऑन लाईन किया जा रहा है। कर्मचारियों का पेरोल सिस्टम कम्प्युटराइज़्ड करने की कार्यवाही की जा रही है एवं दोहरी लेखा प्रणाली पर कार्य किया जा रहा है। शीघ्र ही ऑन लाईन सम्पत्ति कर व जल कर का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।*



- **माननीय मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी द्वारा शहर में निर्मित पंछी विहार झील, मौलाना मौ0 अली जौहर विश्वविधालय में मेडिकल कालेज, फ्लाई ओवर ब्रिज, गाँधी मॉल, गाँधी समाधि एवं बाबेउर्दु (उर्दू गेंट) विभिन्न कार्यों का उदघाटन एवं शिलान्यास किया गया।**



नगर पालिका अध्यक्ष श्री अज़हर अहमद खाँ माननीय मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव व शहरी विकास मंत्री माननीय मौ0 आज़म खाँ को शहर आगमन पर स्वागत करते हुए।





